उत्तर प्रदेश सरकार

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड

19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधान सभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

सूचना / विज्ञप्ति

उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेंट–2025

(दिनांक 25–04–2026, 26–04–2026 एवं 27–04–2026 को आयोजित लिखित परीक्षा की अन्तिम उत्तर कुंजी का प्रकाशन)

संख्याः–पीआरपीबी–बी(होमगार्ड संवर्ग)–02 / 2025 दिनांक– जून 28 ,2026

उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेंट–2025 की दिनांक 25–04–2026, 26–04–2026 एवं 27–04–2026 को सम्पन्न लिखित परीक्षा के सभी 06 पालियों के प्रश्न पत्रों तथा उत्तर कुंजी बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in पर दिनांक 07–05–2026 से 10–05–2026 तक प्रदर्शित करते हुये अभ्यर्थियों से सुसंगत अभिलेख / सूचना / संदर्भ (Reference) के साथ ऑनलाइन आपत्तियॉ आमंत्रित की गयी थी।

2– अभ्यर्थियों से प्राप्त आपत्तियों पर विषय विशेषज्ञों द्वारा परीक्षण किये जाने के उपरान्त समस्त 06 पालियों में कुल 02 प्रश्नों के सम्बन्ध में आपत्तियॉ उचित पायी गयी है, जिसको सक्षम स्तर पर विचार करते हुये निम्नानुसार निर्णय लिया गयाः–

I. 01 प्रश्न / उत्तर विकल्पों के त्रुटिपूर्ण होने के कारण 01 प्रश्न को निरस्त किये जाने का निर्णय लिया गया है तथा निरस्त प्रश्न के लिये आवंटित अंक का वितरण अभ्यर्थियों को मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में रिट याचिका संख्याः 2669(एसबी) / 2009 पवन कुमार अग्रहरि बनाम उ0प्र0 लोक सेवा आयोग में स्वीकृत व्यवस्था के अनुरूप किया जायेगा।

II. 01 प्रश्न का एक से अधिक विकल्प सही है। इस सम्बन्ध में निर्णय लिया गया है कि यदि अभ्यर्थी द्वारा सही विकल्पों में से किसी एक विकल्प को भरा गया है तो उसे सही उत्तर के लिए निर्धारित अंक प्रदान किया जायेगा।

3– अभ्यर्थियों को बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in पर उपलब्ध लिंक पर जाकर अपना रोल नम्बर, जन्म तिथि व प्रश्न पुस्तिका क्रमांक की सहायता से लॉगिन करना होगा, जिसमें प्रत्येक अभ्यर्थी अपनी अन्तिम उत्तर कुंजी दिनांक 04–07–2026 तक देख सकेंगें।

4– उपरोक्त एनरोलमेंट प्रक्रिया के अन्तर्गत निर्गत की जा रही उत्तर कुंजी अन्तिम है। इसके पश्चात प्रश्नों एवं उनके उत्तर विकल्पों तथा उत्तर कुंजी पर किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी, न ही उस पर कोई विचार किया जायेगा।

5– यद्यपि इस सूचना को वेबसाइट पर अपलोड किये जाने में पर्याप्त सावधानी बरती गयी है, फिर भी किसी प्रकार की तकनीकी त्रुटि के लिये बोर्ड उत्तरदायी नहीं होगा और न ही त्रुटि पाये जाने पर त्रुटिपूर्ण अंकन का किसी को, किसी प्रकार का लाभ या अधिकार प्राप्त होगा या अनुमन्य होगा। ऐसे किसी प्रकरण के संज्ञान में आने पर बोर्ड का निर्णय अन्तिम होगा।

6– यह सूचना अभ्यर्थियों के सूचनार्थ प्रकाशित की जा रही है। अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे नवीनतम अपडेट व अग्रेतर महत्वपूर्ण निर्देशों हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in का अवलोकन करते रहें। यह भी सूचित किया जाता है कि अभ्यर्थियों के परीक्षा सम्बन्धी समस्त सूचना/निर्देश बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से ही प्रदत्त की जायेगी।

(सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज)
अपर सचिव (भर्ती)/परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।